# कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय)
कुम्हेर जिला डीग पिन–321201
Tel- 8005842512
Email- dean.coabharatpur@sknau.ac.in

प्रोफेसर आर.के. मीना
अधिष्ठाता


क्र.सं. फ. /स्था0शाखा/कृ.म.कु./2026/6575

दिनांकः 19.02.2026

## सीमित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है (जो कि ट्रैक्टर थ्रेसर धारक हो) कि कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के फार्म पर सरसों, चना, मसूर व सौंफ इत्यादि फसलों की थ्रेसिंग का कार्य ट्रैक्टर थ्रेसर द्वारा किया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत ₹ 80000/– है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 26.02.2026 सुबह 11.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसी दिन 12.00 बजे तक जमा करा दें, निविदाऐं समिति द्वारा उसी दिन दोपहर 02.00 बजे बाद खोली जायेगी । थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिकों की पूर्ति हिस्सेदार द्वारा की जावेगी। थ्रेसिंग सम्बन्धी सभी शर्तें निविदा प्रपत्र में दर्शायी गई है व निविदा शुल्क ₹ 200/– एवं निविदा धरोहर राशि ₹ 5000/– जरिए नगद/आनलाईन जमा करानी होगी। निविदा को बिना कारण बताये व उचित दर नही मिलने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. श्रीमान वित नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. कमेटी कनवीनर/सदस्य, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर
3. नोटिस बोर्ड पंचायत समिति/तहसील कार्यालय/कय विकय सहकारी समिति कुम्हेर
4. नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत बैलाराकलॉ/धनवाडा कुम्हेर
5. नोटिस बोर्ड ARSS, KVK, COA कुम्हेर
6. श्रीमान फार्म प्रभारी/फार्म प्रबंधक, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर

अधिष्ठाता

# कृषि महाविद्यालय कुम्हेर

(एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय)

निविदा प्रपत्र

1. निविदा संदर्भ : No. F. /Store/COA-K/2026/..6575...  Dated: 19/02/2026
2. कार्य विवरण : विभिन्न फसलों सरसों, चना, मसूर, व सौंफ की ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग का कार्य।
3. निविदा प्राप्त करने का समय व दिनांक : 26.02.2026 सुबह 11.00 बजे तक।
4. निविदा जमा कराने का दिनांक : 26.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का दिनांक : 26.02.2026, 2 बजे दोपहर।

निविदा की शर्तेः–

1. प्रस्तावित निविदा सीलबन्द लिफाफे में श्रीमान अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर को प्रेषित करनी होगी।
2. निविदादाता द्वारा प्रस्तावित दर स्पष्ट अंको व शब्दों में लिखकर देनी होगी। किसी प्रकार की काट–छांट होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. थ्रेसिंग के ठेकेदार को अपना स्वयं का ट्रैक्टर थ्रेसर मय डीजल लाना होगा, जिसकी आर.सी. एवं वाहन बीमा संलग्न करना होंगे। निविदादाता को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाता संबंधी स्वप्रमाणित दस्तावेजात निविदा फार्म संलग्न करने होंगे। वाहन चालक का वैध लाईसेंस संलग्न करें।
4. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी फसल का दाना टूटना नहीं चाहियें, दाने में कचरा, मिटटी न हो व भूसा में भी दाना नहीं जाना चाहिये इन सभी कार्यो से फार्म प्रबन्धक/अधिष्ठाता के सन्तुष्ट होने के बाद ही कार्य कराया जायेगा अन्यथा दूसरा थ्रेसर उपलब्ध कराना होगा।
5. थ्रेसिंग का कार्य सुबह 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक ही करना होगा।
6. थ्रेसिंग का कार्य राजकीय अवकाश के दिन फार्म मैंनेजर/फार्म इंचार्ज की सहमति/निर्देश पर ही किया जाएगा।
7. आवश्यकता पडने पर अथवा फार्म मैंनेजर/फार्म इंचार्ज के निर्देशन पर एक से अधिक थ्रेसर उपलब्ध कराने होंगे।
8. थ्रेसिंग का कार्य फार्म मैंनेजर/फार्म इंचार्ज द्वारा बताई गई दिनांक/समय से शुरू कर उसके निर्देशानुसार समय पर पूर्ण करना होगा। निर्देशानुसार कार्य पूर्ण नहीं करने पर फार्म इंचार्ज द्वारा अनुशंषा करने पर सिक्योरिटी/थ्रेसिंग कार्य का पूर्ण भुगतान अथवा दोनों जब्त कर लिए जावेंगे तथा भविष्य में उसे काली सूचीवद्ध कर दिया जावेगा।
9. थ्रेसिंग से पहले थ्रेसिंग मशीन को भली भांति साफ करना होगा एव थ्रेसिंग के बाद शाम को थ्रेसर खाली व साफ करके जाना होगा।
10. थ्रेसिंग का कार्य फार्म प्रबन्धक/फार्म प्रभारी की देखरेख में ही करना होगा।
11. थ्रेसिंग हेतु ट्रेक्टर थ्रेसर निर्धारित समय पर लाना होगा यदि ट्रेक्टर थ्रेसर किसी भी कारणवश निर्धारित समय पर नही पहुँची और बटाई ठेकेदार के श्रमिक बैठे रहते हैं तो उसकी भरपाई थ्रेसिंग ठेकेदार को करनी होगी।
14. थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिक बटाई ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।
15. थ्रेसिंग के बाद बोरियां भरकर, तोलकर, गोदाम में धांग लगाने का कार्य बटाई ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
16. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी श्रमिक/मशीनरी कोई दुर्घटना/क्षति की जिम्मेदारी स्वयं थ्रेसर ठेकेदार की होगी एवं महाविद्यालय किसी भी क्षतिपूर्ति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
17. थ्रेसिंग के दौरान वाहन चालक को ट्रेक्टर थ्रेसर के पास ही रहना होगा तथा थ्रेसिंग कार्य के दौरान निविदादाता/प्रतिनिधि घूम्रपान व नशीले पेय पदार्थ का सेवन नहीं करेगा।?
18. सफल निविदादाता यदि बीच में ही थ्रेसिंग कार्य अधूरा छोड देता है तो स्थानीय दरों पर अन्य व्यक्ति से कार्य करवा लिया जावेगा जिसका भुगतान कार्यालय स्तर पर कर दिया जावेगा तथा बाद में सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिलों में समायोजित किया जा सकेगा।
19. सफल निविदादाता को ₹100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष अनुबंध करना होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता

## ट्रैक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग की प्रस्तावित दरों का विवरण

| क.सं. | नाम फसल | दर रुपये प्रति क्विंटल |
|---|---|---|
| 1. | सरसों | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 2. | चना | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 3. | मसूर | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 4. | सौंफ | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |

उक्त सभी शर्ते मैने ध्यान पूर्वक पढ ली है व इन सभी शर्तो के तहत मेरे द्वारा प्रस्तावित दरो पर मैं कार्य करने को सहमत हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम पताः–

मोबइल.नं.–